भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1012

उत्तर देने की तारीख : 08.02.2024

बढ़ते आयात का घरेलू उद्योगों पर प्रभाव

1012. श्री चंद्र शेखर साहू:
डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:
श्री राहुल रमेश शेवाले:

क्या *सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम* मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ है;

(ख) यदि हा, तो अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के योगदान का ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या वस्त्र उद्योग चीन और बांग्लादेश जैसे देशों से मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) के बढ़ते आयात के नकारात्मक प्रभाव का सामना कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(घ) क्या सस्ते चीनी पॉलिस्टर कपड़े की आपूर्ति से घरेलू बुनकरों, कताईकारों, बुनाई करने वाले व्यक्तियों, प्रसंस्करणकर्ताओं और निर्यात विनिर्माताओं की संभावनाएं प्रभावित हो रही हैं, क्योंकि वे प्रतिस्पर्धी कीमतों पर आपूर्ति करने में असमर्थ हैं;

(ङ) यदि हां, तो क्या चीन और बांग्लादेश से सस्ते पॉलिस्टर कपड़े के आयात पर इस समय सूती के रूप में गलत लेबल लगाया जा रहा है और वे केवल 5 प्रतिशत आयात शुल्क का भुगतान कर रहे हैं तथा सफलतापूर्वक 20 प्रतिशत शुल्क का अपवंचन कर रहे हैं; और

(च) यदि हां, तो केंद्र सरकार द्वारा विशेषकर ओड़िशा में खरेलू सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को बचाने के लिए राज्य-वार क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) और (ख) : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अखिल भारतीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) की हिस्सेदारी लगभग 30% **है। अखिल भारतीय विनिर्माण उत्पादन में एमएसएमई विनिर्माण उत्पादन की हिस्सेदारी लगभग** 36% **है। अखिल भारतीय निर्यात में एमएसएमई से संबंधित उत्पादों के निर्यात की हिस्सेदारी लगभग** 45% **है। दिनांक** 05.02.2024 **तक, उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत एमएसएमई में कार्यरत व्यक्तियों की संख्या (**01.07.2020 **से** 05.02.2024 **तक)** 16,86,64,562 **है।**

(ग) से (ड.) : चीन और बंग्लादेश से मैन-मेड फाइवर के निर्यात आंकड़े अनुबंध-I पर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2023-24 (दिनांक 31.01.2024 तक) के दौरान चीन और बांग्ला से पॉलिस्टर के निर्यात का कोई मामला नहीं है जिले सीमा शुल्क क्षेत्रीय संगठन और राजस्व आसूचना निदेशालय द्वारा सूची के रूप में गलत घोषित किया गया है।

(च) : सरकार ने देश में मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) के परिधान, एमएमएफ फैब्रिक और तकनीकी वस्त्रों के उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कपड़ा उद्योग के लिए पांच साल की अवधि के लिए 10,683 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दे दी है ताकि टेक्सटाइल क्षेत्र के आकार और स्तर को बढ़ाया जा सके और इसे प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।

एमएसएमई क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों में अन्य बातों के साथ-साथ किफायती ऋण, प्रौद्योगिकी, अनौपचारिकता, बुनियादी ढांचे की कमी, कुशल जनशक्ति की और बाजार तक पहुंच शामिल है। इन चुनौतियों को कम करने के लिए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा ओडिशा राज्य सहित पूरे देश में एमएसएमई के लाभ के लिए विभिन्न कार्यान्वित करता है। इन योजनाओं/कार्यक्रमों में अन्य बातों के साथ-साथ प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना, सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), चैंपियंस योजना, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग योजना, खरीद और विपणन सहायता योजना (पीएमएस) और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हब (एनएसएसएच) शामिल हैं।

*****

अनुबंध-I

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1012 जिसका उत्तर दिनांक 08.02.2024 को दिया जाना है, के उत्तर के भाग (ग) से (ड.) में संदर्भित अनुबंध

चीन और बांग्लादेश से मैन-मेड फाइबर के निर्यात आंकड़े नीचे दिए गए हैं।

(मूल्य अमेरिकी मिलियन डॉलर में)

क्र.सं.	**उत्पाद**	**अप्रैल-दिसंबर 2022**	**अप्रैल-दिसंबर 2023(पी)**
1	**मैन-मेड सस्टेपल फाइबर**	507.43	337.36
2	**मैन-मेड यार्न, फेब्रिक्स, मेड-अप्स**	2,369.31	2,267.17
3	**आरएमजी मैन-मेड फाइबर**	437.55	363.9
	कुल	**3,314.29**	**2,968.43**

चीन (मूल्य अमेरिकी मिलियन डॉलर में)			
क्र.सं	**उत्पाद**	**अप्रैल-दिसंबर 2022**	**अप्रैल-दिसंबर 2023(पी)**
1	**मैन-मेड सस्टेपल फाइबर**	92.61	50.35
2	**मैन-मेड यार्न, फेब्रिक्स, मेड-अप्स**	1,520.18	1,478.57
3	**आरएमजी मैन-मेड फाइबर**	121.05	92.44
	कुल	**1,733.84**	**1,621.36**

बांग्लादेश (मूल्य अमेरिकी मिलियन डॉलर में)			
क्र.सं	**उत्पाद**	**अप्रैल-दिसंबर 2022**	**अप्रैल-दिसंबर 2023(पी)**
1	**मैन-मेड सस्टेपल फाइबर**	1.33	1.18
2	**मैन-मेड यार्न, फेब्रिक्स, मेड-अप्स**	10.79	11.59
3	**आरएमजी मैन-मेड फाइबर**	122.02	97.25
	कुल	**134.14**	**110.02**

स्रोत : **वाणिज्यक जानकारी और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएस),**